NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : 177/NCRES/19 Date: 04.07.2019

श्रीमान महाप्रबन्धक (कार्मिक)
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, इलाहाबाद

विषयः– नार्थ सेन्ट्रल रेलवे में GDCE के तहत परीक्षा न होना।

सन्दर्भः– NCRES पी.एन.एम. मद संख्या 9/2017

महोदय,

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि नार्थ सेन्ट्रल रेलवे में दिनांक 25 अक्टूबर 2013 को एक बार नोटिफिकेशन निकाल कर परीक्षा कराया गया था जिसके बाद आज तक पदों की रिक्तियों के बावजूद दोबारा नोटिफिकेशन नही निकाला गया, जबकि अन्य रेलवे में कई बार परीक्षायें करायी जा चुकी है।

नार्थ सेन्ट्रल रेलवे में पढ़े लिखे योग्य कर्मचारियों के भविष्य को देखते हुये जल्द से जल्द GDCE परीक्षा कराने का मुद्दा NCRES ने हेडक्वाटर PNM मद संख्या 9/2017 द्वारा उठाया लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई। NCRES ने दिनांक 23/24.1.2019 के PNM बैठक के प्रारम्भिक भाषण में पुनः इस मुद्दे को उठाया तो महाप्रबन्धक महोदय ने जल्द GDCE परीक्षा कराने का आश्वासन दिया और मद संख्या 9/2017 पर चर्चा में अवगत कराया गया कि सभी इन्डेन्टिग यूनिटों को GDCE के चिन्हित पदो के आंकलन हेतु निर्देश जारी कर दिये गये है, परन्तु खेद का विषय है कि अभी तक नोटिफिकेशन जारी नही किया गया है।

यहां यह कहना भी महत्वपूर्ण होगा कि रेलवे बोर्ड ने अपने पत्र संख्या RBE 77/2019 में सीनियर क्लर्क के DR कोटे के 25% रिक्तियों को भी GDCE के माध्यम से भरने हेतु One Time Exemption दिया है।

अतः NCRES की मांग है कि नार्थ सेन्ट्रल रेलवे में रिक्तियों को GDCE के माध्यम से भरने के लिये नोटिफिकेशन जारी करते समय अन्य विभागों की रिक्तियों के साथ सीनियर क्लर्क के DR कोटे की 25% रिक्तियों को भी सम्मलित कर नोटिफिकेशन जल्द जारी करने के लिये उचित आदेश किया जाय और उसकी प्रति NCRES को दी जाय।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री